लेके पूजा की थाली, ज्योत मन की जगा ली

लेके पूजा की थाली, ज्योत मन की जगा ली
तेरी आरती उतारूँ, भोली माँ
तू जो दे-दे सहारा, सुख जीवन का सारा
तेरे चरणों पे वारूँ, भोली माँ
ओ, माँ, ओ, माँ
लेके पूजा की थाली, ज्योत मन की जगा ली
तेरी आरती उतारूँ, भोली माँ
तू जो दे-दे सहारा, सुख जीवन का सारा
तेरे चरणों पे वारूँ, भोली माँ
ओ, माँ, ओ, माँ
धुल तेरे चरणों की लेकर माथे तिलक लगाया
हो, धुल तेरे चरणों की लेकर माथे तिलक लगाया
यही कामना लेकर, मैया, द्वार तेरे मैं आया
रहूँ मैं तेरा हो के, तेरी सेवा में खो के
सारा जीवन गुज़ारूँ, भोली माँ
तू जो दे-दे सहारा, सुख जीवन का सारा
तेरे चरणों पे वारूँ, भोली माँ
ओ, माँ, ओ, माँ
सफल हुआ ये जनम कि मैं था जन्मों से कंगाल
हो, सफल हुआ ये जनम कि मैं था जन्मों से कंगाल
तूने भक्ति का धन दे के कर दिया मालामाल
रहें जब तक ये प्राण, करूँ तेरा ही ध्यान
नाम तेरा पुकारूँ, भोली माँ
तू जो दे-दे सहारा, सुख जीवन का सारा
तेरे चरणों पे वारूँ, भोली माँ
ओ, माँ, ओ, माँ
लेके पूजा की थाली, ज्योत मन की जगा ली
तेरी आरती उतारूँ, भोली माँ
तू जो दे-दे सहारा, सुख जीवन का सारा
तेरे चरणों पे वारूँ, भोली माँ
ओ, माँ, ओ, माँ

अपलोडर- शालू माहेश्वरी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33868/title/leke-pooja-ki-thali--jyot-man-ki-jali-li

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |